>

Title: Need to construct railway line linking Ahmedabad-Khedbrahma-Ambaji and Harji-Rahanpur in Mehsana Parliamentary Constituency in Gujarat .

श्री जीवाभाई ए. पटेल (मेहसाना) : महोदय, पूरे देश से मेरे संसदीय क्षेत्र के खेड़ाब्रह्मा तीर्थ स्थल का काफी नाम है और लाखों की संख्या में यहां पर दूसरे राज्यों से लोग इस तीर्थ स्थल का दर्शन करने आते हैं और अम्बा जी के प्रति काफी लोगों की श्रद्धा है, परन्तु अहमदाबाद खेड़ाब्रह्मा और अम्बा जी के बीच कोई भी रेल मार्ग नहीं है और इसकी मांग कई दशकों से की जा रही है। अतः सदन के माध्यम से रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि अहमदाबाद, खेड़ाब्रह्मा और अम्बा जी के बीच नई रेलवे लाइन का कार्य इस बजट में जोड़ा जाये। इसी तरह से मेरे संसदीय क्षेत्र से हरजी एवं राधानपुर के बीच कोई रेल मार्ग नहीं है जिसके कारण इस क्षेत्र में रहने वालों को आने जाने में कई असुविधा होती है और यहां पर गरीब लोग आवास करते हैं इस नई रेलवे लाइन से इस क्षेत्र में व्यापक पिछड़ेपन को दूर किया जा सकता है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध हे कि उपरोक्त कार्यों के लिए रेलवे विभाग जनहित में कार्यवाही करे जिससे इस क्षेत्र के लोगों को भी रेलवे सुविधा मिल सके जो अभी तक वंचित है।

---

*Treated as laid on the Table.